राज्य शहरी आजीविका मिशन (एस0यू0एल0एम0) उ0प्र0
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,–सूडा उ.प्र.)
प्रथम तल,पर्यटन भवन,विपिन खण्ड,गोमतीनगर, लखनऊ 226010
दूरभाष एवं फैक्सः 0522–2307798e-mail:nulmup@gmail.comwebsite:www.sudaup.org

पत्रांक 410 /241/nulm/तीन/2001(SUSV) दिनांक 30-06-2017

सेवा में,

जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
सीतापुर, बहराइच, फर्रूखाबाद, रामपुर, इटावा, रायबरेली, बांदा, बदायूं, लखीमपुर खीरी, हाथरस, मैनपुरी, ललितपुर, गाजियाबाद, देवरिया, पीलीभीत, बुलन्दशहर, गाजीपुर, एटा, बस्ती, सम्भल, गोण्डा, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, चन्दौली, सुल्तानपुर, फिरोजाबाद, शामली, बलिया, बागपत कासगंज ।

सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर/परियोजना निदेशक
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
सीतापुर, बहराइच, फर्रूखाबाद, रामपुर, इटावा, रायबरेली, बांदा, बदायूं, लखीमपुर खीरी, हाथरस, मैनपुरी, ललितपुर, मोदीनगर(गाजियाबाद), देवरिया, पीलीभीत, खुर्जा(बुलन्दशहर), गाजीपुर, एटा, बस्ती, चन्दौसी(सम्भल), गोण्डा, अकबरपुर(अम्बेडकर नगर), आजमगढ़, मुगलसराय(चन्दौली), सुल्तानपुर, शिकोहाबाद(फिरोजाबाद), शामली, बलिया, बड़ौत(बागपत) कासगंज ।

विषय– दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY–NULM) के घटक शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2017–18 में शहरी पथ विक्रेता प्लान आदि तैयार किये जाने के संबंध में।

महोदय,

दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY–NULM) के घटक शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2017–18 में निम्नलिखित शहरों में शहरी पथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण, और सिटी स्ट्रीट वेन्डिंग प्लान तैयार आदि किया जाना है। इसके तहत शहरी पथ विक्रेताओं का बायोमैट्रिक सर्वे, पंजीकरण एवं पहचान पत्र जारी करते हुए शहर में निर्वन्धन मुक्त विक्रय जोन, निर्वन्धित विक्रय जोन एवं पथ विक्रय निषेघ जोन अवधारित किये जायेंगे और पूरे नगर की नगर पथ विक्रय योजना तैयार की जायेगी। चिन्हित बाजारों के उच्चीकरण तथा नये बाजारों की स्थापना हेतु विस्तृत कियान्वयन प्लान् (डी0आई0पी0) तैयार किया जाना प्रस्तावित है–

सीतापुर, बहराइच, फर्रूखाबाद, रामपुर, इटावा, रायबरेली, बांदा, बदायूं, लखीमपुर खीरी, हाथरस, मैनपुरी, ललितपुर, मोदीनगर(गाजियाबाद), देवरिया, पीलीभीत, खुर्जा(बुलन्दशहर), गाजीपुर, एटा, बस्ती, चन्दौसी(सम्भल), गोण्डा, अकबरपुर(अम्बेडकर नगर), आजमगढ़, मुगलसराय(चन्दौली), सुल्तानपुर, शिकोहाबाद(फिरोजाबाद), शामली, बलिया, बड़ौत(बागपत) कासगंज।

उपरोक्त सभी कार्य दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY–NULM) के घटक शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता के प्रचालानात्मक दिशा–निर्देशों, पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण एवं पथ विक्रय का विनिमयन) अधिनियम 2014, उत्तर प्रदेश पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण और पथ विक्रय विनिमयन) नियमावली, 2017 एवं उत्तर प्रदेश पथ विक्रेताओं हेतु योजना, 2016 के अनुसार किये जायेंगे।

योजनान्तर्गत नगरों में नगर विक्रय समिति (टी0वी0सी0) का गठन किया जाना है जिसके पर्यवेक्षण में पथ विक्रेताओं का सर्वेक्षण, उन्हें परिचय पत्र देना, पथ विक्रय प्रमाण–पत्र जारी करने आदि के साथ शहरी पथ विक्रेता प्लान तैयार करने में संस्तुतियां देने का प्राविधान है। नगर निकाय बोर्ड के अनुमोदन के पश्चात ही शहरी पथ विक्रय प्लान को राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जायेगी।

सन्दर्भित नगरों में शहरी पथ विक्रय प्लान आदि तैयार किये जाने हेतु एजेन्सी/कार्यदायी संस्था के चयन के लिए राज्य शहरी आजीविका मिशन, उ0प्र0 के स्तर से निविदायें आमंत्रित किये जाने की कार्यवाही प्रगति पर है। उक्त निविदायें संबंधित नगर के शहर मिशन प्रबन्धन इकाइ/डूडा कार्यालय में रखे निविदा पेटिका में डाली जायेगी। प्राप्त निविदाओं को स्थानीय स्तर पर गठित निविदा समिति के द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोलकर सर्वथा अर्ह न्यूनतम निविदा की स्वीकृति की संस्तुति परियोजना निदेशक/जिलाधिकारी/अध्यक्ष, डूडा के माध्यम से राज्य शहरी आजीविका मिशन, उ0प्र0 को शासन द्वारा इस निमित्त गठित राज्य स्तरीय परियोजना स्वीकृति समिति के अनुमोदन हेतु उपलब्ध करायी जायेगी। निविदा की प्रक्रिया हेतु पृथक से निर्देश जारी किये जायेगे।

भवदीय,

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक

जारी 30-06-17

पत्रांक एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1 प्रमुख सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2 निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0।
3 संबंधित शहरों के परियोजना अधिकारी/सहायक परियोजना अधिकारी/शहर मिशन प्रबन्धकों।
4 अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सीतापुर, बहराइच, फर्रूखाबाद, रामपुर, इटावा, रायबरेली, बांदा, बदायूं, लखीमपुर खीरी, हाथरस, मैनपुरी, ललितपुर, मोदीनगर(गाजियाबाद), देवरिया, पीलीभीत, खुर्जा(बुलन्दशहर), गाजीपुर, एटा, बस्ती, चन्दौसी(सम्भल), गोण्डा, अकबरपुर(अम्बेडकर नगर), आजमगढ़, मुगलसराय(चन्दौली), सुल्तानपुर, शिकोहाबाद(फिरोजाबाद), शामली, बलिया, बड़ौत(बागपत) और कासगंज।
5 सहायक वेवमास्टर, सूडा को सूडा की वेवसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
मिशन निदेशक